पंजीयन क्रमांक- MPHIN/2018/76962

साप्ताहिक
# नीमच हेडलाइन्स

अपने सपनों को कभी मत छोड़ो, वे ही तुम्हें आगे ले जाएंगे।

अंचल का तेज़ी से बढ़ता न्यूज़ नेटवर्क...

NEEMUCH HEADLINES

ख़बर वही, जो हम दिखाते है...

संस्थापक- स्व.इंद्रदेव जी जाजपुरा | प्रधान सम्पादक - अविनाश जाजपुरा

साप्ताहिक समाचार पत्र,एप, वेब पोर्टल और न्यूज़ चैनल

वर्ष - 08 | अंक- 04 | नीमच, बुधवार 16 से 22 जुलाई 2025 तक | कुल पृष्ठ - 08 | मूल्य - 5₹

## न्यूज़ गैलेरी

### सिंगोली तहसील के ग्राम बड़ी में कांग्रेस नेता और पूर्व सरपंच रामलाल गुर्जर को गिरफ्तार



सिंगोली तहसील के ग्राम बड़ी में पुलिस ने कांग्रेस नेता और पूर्व सरपंच रामलाल गुर्जर को गिरफ्तार किया गया है। धारा 151 के तहत ये कार्रवाई 11 जुलाई को की गई। मामला 10 जुलाई का है। आरएसएस मंडल कार्यवाह गणपत धाकड़ और अन्य कार्यकर्ता ग्राम पंचायत प्रांगण में संघ की गुरु पूजन की चर्चा कर रहे थे।

### कांग्रेस नेता पर गालियों देने का आरोप लगा

फरियादी अनिल शर्मा के मुताबिक, रामलाल गुर्जर ने वहां आकर उन्हें गालियां दीं। शिकायत में कहा गया है कि रामलाल ने संघ कार्यकर्ताओं पर बड़ी क्षेत्र की जमीन बेचकर सौर ऊर्जा प्लांट लगवाने का आरोप लगाया। साथ ही उन्होंने कथित तौर पर जान से मारने की धमकी भी दी। कांग्रेस नेता सतनारायण पाटीदार का कहना है कि रामलाल ने संघ नेताओं से सिर्फ पूजा का स्थान बदलने की बात कही थी। उमंग सिंघार ने इस गिरफ्तारी को तानाशाही बताया विपक्ष के नेता उमंग सिंघार ने इस गिरफ्तारी को तानाशाही करार दिया है। उनका आरोप है कि प्रदेश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर फर्जी एफआईआर दर्ज की जा रही हैं।

# चेहरे पर दिखी गर्व की मुस्कान... स्पेस से लौटे शुभांशु शुक्ला की पहली तस्वीरें आईं सामने

नीमच हेडलाइन्स | डेस्क

धरती पर लौटने के बाद अब शुभांशु शुक्ला और एक्स-4 टीम को 10 दिन तक आइसोलेशन में रहना होगा. उसके बाद ही उनका सामान्य जीवन शुरू होगा. एक्सिओम-4 मिशन में शामिल अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य लोग मंगलवार (15 जुलाई,2025) को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर 18 दिन के प्रवास के बाद 22.5 घंटे की यात्रा करके पृथ्वी पर लौट आए. सभी अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर आ रहा ड्रैगन यान कैलिफोर्निया के सैन डिएगो में उतरा. स्पेस से लौटे शुभांशु शुक्ला की पहली तस्वीरें सामने आई हैं.

### 'Bone on ISS' और रेडिएशन रिसर्च में अग्रणी भूमिका

शनिवार को अपने विश्राम दिवस के बाद, शुभांशु और उनकी टीम ने अंतरिक्ष में हड्डियों पर पड़ने वाले प्रभाव और रेडिएशन निगरानी जैसे प्रयोगों की कमान संभाली। 'Bone on ISS' नामक इस रिसर्च में डिजिटल ट्विन तैयार करने की कोशिश की जा रही है—एक वर्चुअल मॉडल, जो अंतरिक्ष में हड्डियों की प्रतिक्रियाओं को दिखाएगा। यह अध्ययन पृथ्वी पर ऑस्टियोपोरोसिस जैसी हड्डी से जुड़ी बीमारियों के इलाज में भी मददगार साबित हो सकता है।



### स्पेस से लौटे शुभांशु शुक्ला की पहली तस्वीर



मिशन पायलट शुभांशु शुक्ला, मुस्कुराते हुए चेहरे के साथ, ड्रैगन अंतरिक्ष यान से बाहर निकले और 18 दिनों में पहली बार गुरुत्वाकर्षण का अनुभव किया. ड्रैगन यान से सभी चारों अंतरिक्ष यात्री बाहर आ गए हैं. सबसे पहले कमांडर पैगी व्हिटसन गन अंतरिक्ष यान से निकलीं और उसके बाद मिशन पायलट शुभांशु शुक्ला बाहर निकले.धरती पर लौटने के बाद अब शुभांशु शुक्ला और एक्स-4 टीम को 10 दिन तक आइसोलेशन में रहना होगा. उसके बाद ही उनका सामान्य जीवन शुरू होगा. इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर रविवार (13 जुलाई 2024 को) विदाई समारोह में शुभांशु शुक्ला ने कहा, ''जल्द ही धरती पर मुलाकात करते हैं." राकेश शर्मा के 1984 में अंतरिक्ष की यात्रा करने के बाद शुक्ला दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री हैं. एक्सिओम-4 मिशन के साथ भारत, पोलैंड और हंगरी ने चार दशकों से भी अधिक समय के बाद अंतरिक्ष में वापसी की है.

### शुभांशु ने बताया स्पेस से कैसा दिखता है भारत?

राकेश शर्मा को याद करते हुए शुभांशु शुक्ला ने कहा कि 41 साल पहले एक भारतीय ने अंतरिक्ष की यात्रा की थी और बताया था कि वहां से भारत कैसा दिखता है. शुभांशु ने कहा, "हम सभी आज भी यह जानने को उत्सुक रहते हैं कि ऊपर से आज भारत कैसा दिखता है. आज का भारत महत्वाकांक्षी दिखता है... आज का भारत निडर दिखता है...आज का भारत आश्वस्त दिखता है.. आज का भारत गर्व से पूर्ण दिखता है. इन सभी कारणों से मैं एक बार फिर कह सकता हूं कि आज का भारत अब भी 'सारे जहां से अच्छा' दिखता है. जल्द ही धरती पर मुलाकात करते हैं."

### स्पेस माइक्रो एल्गी से नई उम्मीद

शुभांशु ने 'स्पेस माइक्रो एल्गी' नामक प्रयोग में भी हिस्सा लिया, जिसके तहत अंतरिक्ष में सूक्ष्म शैवाल (microalgae) के नमूनों को तैनात किया गया। इसका उद्देश्य यह जानना है कि ये एल्गी किस तरह भविष्य की स्पेस कॉलोनियों में भोजन, ऑक्सीजन और ईंधन के रूप में मदद कर सकती है।

# चोरी के लिए की गई थी लीलादेवी की हत्या, हाई प्रोफाइल मर्डर केस का 24 घंटे में खुलासा, पुताई करने वाला अर्जुन मीणा निकला हत्यारा

नीमच हेडलाइन्स | डेस्क

नीमच के हाई प्रोफाइल लीलादेवी हत्याकांड का नीमच पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा कर दिया। चोरी की नियत से पुताई करने वाले अर्जुन मीणा ने लीलाबाई को मौत के घाट उतारा और एक लाख 60 हजार रुपए चुराकर फरार हो गया। नीमच एसपी अंकित जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस ने लीलादेवी मर्डर केस का 24 घंटे में खुलासा कर दिया। आरोपी के कब्जे से चाकू और रुपए बरामद कर कर लिए गए है। इस मामले में अर्जन के साथी लाभचंद्र पिता कन्हैयालाल कुम्हार को भी गिरफ्तार कया गया। है।



11 जुलाई रात करीब 8 बजे नीमच के बंसल चौराहा पर स्थित आशीर्वाद मल्टी में मुंह पर कपड़ा बांधे एक शख्स दाखिल होता है। वह सीधे फ्लेट नंबर 305 पर पहुंचता है ओर चोरी की वारदात को अंजाम देता है। इसी दौरान जब 54 वर्षीय लीलादेवी इस वारदात को देख लेती तो विरोध करती है। लीलादेवी के चिल्लाने पर चोर घातक चाकू से लीलादेवी के गले वार करता है और मौत के घाट उताकर करीब डेढ़ लाख रुपए लेकर फरार हो जाता है। यह शख्स अर्जुन पिता मुन्नलाला मीणा है, जो नीमच के बघाना के नाका नंबर-4 का निवासी है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने लागातार वॉच करते हुए उसे धर दबोचा और इस हाई प्रोफाइल मर्डर को ट्रेस कर दिया। नीमच एसपी अंकित जायवाल ने प्रेस कांफ्रेस में पूरे हत्याकांड का खुलासा किया।



### डेढ़ साल पहले भी चुराए थे 32 हजार रुप

आरोपी अर्जुन मीणा रंगाई-पुताई का काम करता है। डेढ़ र पहले वह लीलादेवी के घर पर पुताई का कार्य करने आया था, इस दौरान 32 हजार रुपए चुरा लिए थे लेकिन चोरी का पता नहीं चला था। इसके बाद वह मल्टी में आता-जाता रहा है ओर अशीर्वाद मल्टी के कोने-कोने से वाकिफ था।

### चार-पांच बार की रैकी- फिर वारदात की

आरोपी लीलादेव के फ्लेट नंबर-305 को पूरी तरह जनता था। इस वारदात को अंजाम देने के लिए उसने चार-पांच बार रैकी की थी और फिर वारदात को अंजाम दिया। इस कांड में पुलिस लाभचंद्र पिता कन्हैयालाल कुम्हार निवासी नाका नंबर- 4 को भी गिरफ्तार किया है।

### SP ने दी पुलिस टीम को शाबाशी,हाई प्रोफाइल मर्डर ट्रेस करने वाली टीम को किया पुरस्कृत



### इनका किया सम्मान



कैंट थाना निरीक्षक पुष्पा सिंह चौहान, उप निरीक्षक असलम पठान, प्रधान आरक्षक प्रदीप शिंदे (प्रभारी सायबर सेल), प्रधान आरक्षक श्रीपाल सिंह, प्रधान आरक्षक आजाद सिंह, प्रधान आरक्षक देवीलाल डिगा, प्रआर आदित्य गौड़, आर. सर्वेश यादव, आरक्षक राजेश चौधरी, आरक्षक मनीष माली (थाना रामपुरा), आरक्षक प्रहलाद गुर्जर, आरक्षक राजेश जाट, आरक्षक राहुल सोलंकी, आरक्षक आशुतोष शुक्ला, आरक्षक ओमप्रकाश पारगी (थाना बघाना), आरक्षक दशरथ मालवीय, आरक्षक कुलदीप सिंह, आरक्षक लखन प्रताप सिंह, आरक्षक मधुसूदन का सराहनीय योगदान रहा है। इन सभी के पुरस्कृत किया गया।

# नारकोटिक्स प्रकोष्ठ मंदसौर द्वारा निकाली गई नशा मुक्ति जनजागरूकता रैली

## छात्राओं, पुलिसकर्मियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

निखिल सोनी

**मंदसौर।** नारकोटिक्स प्रकोष्ठ मंदसौर के तत्वावधान में मंगलवार को नशे के विरुद्ध जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य आमजन को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना और समाज में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाना था। रैली में स्कूली छात्राओं, शिक्षकों, पुलिसकर्मियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में "नशा मुक्त भारत", "ड्रग्स को ना कहो", "युवाओं बचो – नशे से" जैसे संदेश लिए पोस्टर और बैनर लेकर प्रतिभागियों ने पूरे जोश के साथ नारे लगाए। रैली के दौरान "नशा मुक्त अभियान - जन जागृति एवं जन भागीदारी" का संदेश गूंजता रहा। नारकोटिक्स प्रकोष्ठ के अधिकारियों ने कहा कि नशे के विरुद्ध लड़ाई सिर्फ कानून से नहीं, जनसहभागिता से जीती जा सकती है। इस तरह की रैलियों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और युवा वर्ग को नशे से दूर रहने की प्रेरणा मिलती है। रैली शहर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए विभिन्न स्थानों पर लोगों को जागरूक करती नजर आई। आयोजन के अंत में सभी प्रतिभागियों ने नशामुक्ति की शपथ भी ली



# सावन का प्रथम सोमवार, निकाली महिलाओं ओर बाल कावड़ियों की कावड़ यात्रा, हर हर महादेव के लगे जयकारे

गोपालदास बैरागी

**कुकड़ेश्वर।** हिंदू धर्म में सावन मास बेहद खास माना जाता है। खासतौर से सावन में पड़ने वाले सोमवार बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। सोमवार का दिन शिव जी का प्रिय है। मान्यता है कि सावन के सभी सोमवार को व्रत रखने से सारी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। 14 जुलाई को सावन माह का प्रथम सोमवार होने से कुकड़ेश्वर नगर से लगभग 50 महिलाएं समीपस्थ गांव जूनापानी के ओंकारेश्वर महादेव मंदिर पहुंची जंहा भगवान शिव जी की पूजा अर्चना कर, पैदल कावड़ यात्रा दोपहर 3 बजे प्रारम्भ की। कुकड़ेश्वर नगरवासियो द्वारा पैदल कावड़ यात्रियों का फुलपुरा में विराजित श्री चमत्कारी हनुमान मंदिर प्रांगण में स्वागत व जलपान कराया। ततपश्चात कावड़ यात्रा कुकड़ेश्वर नगर के राजाधिराज श्री सहस्त्र मुखेश्वर महादेव मंदिर तक भव्यता के रूप में सांय 6 बजे पहुंची। जंहा उक्त पैदल कावड़ यात्रियों द्वारा भगवान श्री सहस्त्र मुखेश्वर महादेव जी को कावड़ का जल चढ़ाकर, जलाभिषेक किया। वंही समीपस्थ गांव ढंढेरी से श्री सहस्त्र मुखेश्वर महादेव मंदिर तक बाल कावड़ यात्रियों द्वारा पैदल कावड़ यात्रा निकाली गई। पैदल कावड़ यात्रा के दौरान सभी कावड़ यात्रियों द्वारा भगवान भोलेनाथ के जय कारे लगाते हुए। कुकड़ेश्वर नगर सहित क्षेत्र की सुख शांति व समृद्धि की कामना की।



# जनसुनवाई में केरे के पत्ते लपेटकर पहुंचा फरियादी, प्रशासन की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

## राजस्व विभाग की लापरवाही से नाराज होकर किया अनोखा प्रदर्शन

ब्यूरो रिपोर्ट - निखिल सोनी

**मंदसौर।** जिला मुख्यालय पर मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान एक अनोखा दृश्य देखने को मिला। दलोदा तहसील के ग्राम लालाखेड़ा निवासी पन्नालाल सेन नामक व्यक्ति खुद को केरे के पत्तों से लपेटकर जनसुनवाई स्थल पर पहुंचा। यह प्रदर्शन उन्होंने राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली और लापरवाही के विरोध में किया। पन्नालाल सेन ने बताया कि ग्राम लालाखेड़ा में शासकीय जमीन पर निजी धर्मशाला का निर्माण किया जा रहा है, जिसकी शिकायत उन्होंने एक वर्ष पूर्व संबंधित अधिकारियों से की थी। बावजूद इसके अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई और न ही निर्माण कार्य पर रोक लगाई गई। शिकायतों को लगातार अनदेखा किए जाने से परेशान होकर उन्होंने यह अनोखा तरीका अपनाया, जिससे प्रशासन का ध्यान गंभीर मुद्दे की ओर आकर्षित किया जा सके। फरियादी ने बताया कि उसने इस मामले को लेकर कई बार आवेदन दिए, लेकिन न तो पटवारी ने मौका निरीक्षण किया और न ही तहसील से कोई कार्रवाई की गई। पन्नालाल ने कहा कि यह प्रदर्शन न्याय की गुहार लगाने और प्रशासन को जगाने का एक प्रयास है। जनसुनवाई में मौजूद अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जल्द जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वहीं, पन्नालाल का यह विरोध प्रदर्शन पूरे जनसुनवाई का केंद्र बिंदु बन गया और राजस्व विभाग की निष्क्रियता पर कई सवाल खड़े कर गया।

### प्रमुख बिंदु :-

1.ग्राम लालाखेड़ा में शासकीय भूमि पर धर्मशाला निर्माण का आरोप
2.एक वर्ष से लंबित है कार्रवाई
3.फरियादी ने न्याय की गुहार के लिए अपनाया अनोखा प्रदर्शन
4.प्रशासन ने मामले में कार्रवाई का दिया आश्वासन।

यह घटना न केवल प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि आमजन को अपनी बात कहने के लिए अब कितने नए रास्ते अपनाने पड़ रहे हैं।




## अग्रवाल बिचला गोपालजी मंदिर की कार्यकारिणी घोषित, पवन गर्ग अध्यक्ष मुकेश पार्टनर सचिव बने



**नीमच।** श्री अग्रवाल बिचला गोपालजी महाराज (रजि.) समिति के अध्यक्ष पवन गर्ग ने कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें संरक्षक शिवनारायण गर्ग, उपाध्यक्ष नंदकिशोर गर्ग, सचिव मुकेश सिंहल पार्टनर, कोषाध्यक्ष नितेश गोयल टोनी, सहसचिव गोपाल गर्ग (स्वर्णम), बैंक लॉकर प्रमुख अनिल गर्ग (स्वर्ण सागर), डॉ. अमित गोयल एवं पदेन अध्यक्ष पवन गर्ग, मंदिर व्यवस्थापक गोविन्द गोयल, कीर्तिकुमार गोयल, आशीश सिंहल सहित कार्यकारिणी में आशीष गोयल (वृंदावन), कन्हैया सिंहल, निलेश गर्ग, राकेश सिंहल, शैलेन्द्र गर्ग, मयंक मंगल, लोकेश गोयल, विशाल सिंहल को लिया गया है।

## राजस्व टीम ने ग्राम चडोल में 10 लाख रुपए मूल्य की 0.33 हेक्टेयर जमीन को कराया अतिक्रमण मुक्त



**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में जिले में शासकीय जमीनों के संरक्षण एवं अवैध कब्जा हटाकर शासकीय जमीनों को कब्जा मुक्त करवाने के लिए राजस्व विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत तहसीलदार रतनगढ़ बीएल डाबी द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जावद श्री प्रीति संघवी के निर्देशानुसार मंगलवार को करवाई कर ग्राम चडोल की शासकीय भूमि सर्वे कं. 151 रकबा 25.290 हैक्टर मे से लगभग 0.33 हैक्टर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करवाया गया है तहसीलदार रतनगढ़ ने बताया कि पहाड़ मद की इस शासकीय जमीन पर अनावेदक जगदीश पिता कुका व सुन्दरलाल पिता शोराम निवासी चडोल द्वारा बाड़ा बनाकर अवैध कब्जा कर अतिक्रमण किया गया था ।उक्त अवैध कब्जे को प्रभारी तहसीलदार द्वारा गठित राजस्व टीम व ग्राम पंचायत लुहारिया जाट के सहयोग से मौके पर भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई गई (जिसकी अनुमानित कीमत 10 लाखरूपये) है।

## वैष्णव बैरागी युवा संगठन जिला नीमच में हुई नियुक्तियां, रामपुरा तहसील कार्यकारिणी गठित



ब्यूरो रिपोर्ट-योगेश बैरागी

**नीमच।** वैष्णव बैरागी युवा संगठन जिला नीमच द्वारा लगातार नियुक्तियां देकर समाज में युवा वर्ग स्थापित कर एकता का परिचय दिया जा रहा है, इसी को लेकर वैष्णव बैरागी युवा संगठन जिला नीमच ने तहसील रामपुरा में युवा संगठन का विस्तार किया है, जिसमे धर्मशाला निर्माण समिति भादवामाता, वैष्णव बैरागी समाज के जिलाध्यक्ष भेरूदास बैरागी (धामनिया) ओर वैष्णव बैरागी युवा संगठन जिला अध्यक्ष गगन बैरागी (कंजार्डा) की अनुशंसा सहमति से रामपुरा तहसील संरक्षक पद पर अर्जुन वैष्णव (गुजरत), अध्यक्ष पद पर पवन वैष्णव (बरलाई), सचिव पंकज वैष्णव (भमेसर), कोषाध्यक्ष दुलीचंद वैष्णव (सिंघाड़िया पिपलिया), संगठन मंत्री प्रहलाद वैष्णव (हतुनिया) को नियुक्त किया गया, इनकी नियुक्ति से सभी युवा साथी में हर्ष है, युवा संगठन के जिला अध्यक्ष गगन बैरागी ने बताया कि शीघ्र जिले की सभी तहसीलों में युवा संगठन की नियुक्तिया की जायेगी, समाज उत्थान और एकता के लिए युवा साथियों का आगे आना आवश्यक हो गया है, वही भादवामाता में बनने जा रही भव्य वैष्णव बैरागी समाज की धर्मशाला में युवा संगठन अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, उक्त नियुक्तियां की जानकारी वैष्णव बैरागी युवा संगठन जिला मीडिया प्रभारी योगेश बैरागी (पालसोड़ा) ने दी

# सावन सोमवार: महत्व, सोमवार व्रत विधि भगवान शिव की पूजा कैसे करें

**सावन** जिसे श्रावण या सावन मास भी कहा जाता है, हिंदू कैलेंडर का एक पवित्र महीना है जो आमतौर पर जुलाई या अगस्त में पड़ता है। इसे भगवान शिव की पूजा के लिए एक पवित्र काल माना जाता है और यह आध्यात्मिक विकास, नवीनीकरण और भक्ति से जुड़ा है। यह महीना भगवान शिव को समर्पित है और भक्त अक्सर उपवास रखते हैं, पूजा करते हैं और उनका आशीर्वाद पाने के लिए प्रार्थना करते हैं। कई भक्त सोमवार या पूरे महीने उपवास रखते हैं और भगवान शिव की मूर्ति पर अभिषेक (जल, दूध या अन्य तरल पदार्थ चढ़ाना) जैसे अनुष्ठान करते हैं। सावन को आध्यात्मिक विकास और आत्मचिंतन के लिए एक शुभ समय माना जाता है। इस महीने में भक्त अक्सर ध्यान, योग और अन्य आध्यात्मिक साधनाओं में संलग्न होते हैं।

## सावन का महत्व

सावन एक पवित्र महीना माना जाता है जो भक्तों को भगवान शिव से जुड़ने और उनका आशीर्वाद पाने का अवसर प्रदान करता है। सावन हिंदू संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और पूरे भारत में मनाया जाता है। यह महीना कई त्योहारों से जुड़ा है, जिनमें श्रावण शिवरात्रि और कांवड़ यात्रा शामिल हैं, जहाँ भक्त भगवान शिव को अर्पित करने के लिए गंगा नदी से पवित्र जल लाते हैं। हरियाली अमावस्या भी सावन माह का एक शुभ दिन है।




### सावन 2025 की महत्वपूर्ण तिथियां और सभी सोमवार व्रतों की सूची

कई भक्त सोमवार या पूरे महीने उपवास रखते हैं, और भगवान शिव की मूर्ति पर अभिषेक (जल, दूध या अन्य तरल पदार्थ चढ़ाना) जैसे अनुष्ठान करते हैं।

श्रावण प्रारंभ - 11 जुलाई 2025, शुक्रवार, प्रथम श्रावण सोमवार व्रत - 14 जुलाई 2025, सोमवार,

द्वितीय श्रावण सोमवार व्रत - 21 जुलाई 2025, सोमवार

सावन शिवरात्रि - 23 जुलाई 2025, बुधवार

तृतीय श्रावण सोमवार व्रत - 28 जुलाई 2025, सोमवार

चतुर्थ श्रावण सोमवार व्रत - 4 अगस्त 2025, सोमवार

श्रावण समाप्त - 9 अगस्त 2025, शनिवार

सावन शिवरात्रि 2025 में

## जिले के तीन डाक बंगलों में दो-दो अतिरिक्त कक्षों के निर्माण के लिए दो-दो करोड़ प्रशासकीय स्वीकृति जारी

### प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया ने मुख्यमंत्री डा.यादव का माना आभार



**नीमच**। प्रदेश की महिला एंव बाल विकास मंत्री तथा जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने बताया कि,लोक निर्माण विभाग म.प्र.शासन द्वारा नीमच जिले में सिंगोली, रतनगढ़ एवं जावद के डाक बंगले में दो-दो अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए प्रत्येक के लिए 199 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है ।प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया ने डाक बंगले में दो-दो अतिरिक्त कक्षों के निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति मिलने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह का आभार व्यक्त किया है ।

## मनासा थाना अंतर्गत गांव बैसदा निवासी एक 23 वर्षीय युवक की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत

**नीमच**। जिले के मनासा थाना अंतर्गत गांव बैसदा निवासी एक 23 वर्षीय युवक की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। मृतक का नाम दीपक पिता मांगीलाल जाति भील है। प्राप्त की जानकारी के अनुसार दीपक मोटरसाइकिल पर धान में कीटनाशक का छिड़काव करने के लिए जा रहा था, तभी टेंपो वाले ने उसे टक्कर मार दी। घटना कल शाम 4 बजे की है। दीपक की मौके पर ही मौत हो गई। आज नीमच जिला चिकित्सालय में दीपक के शव का पोस्टमार्टम किया गया।




## प्रशासन द्वारा नीमच जिले में शासकीय जमीनों के संरक्षण का अभियान

**नीमच** जिला प्रशासन द्वारा नीमच जिले में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में शासकीय जमीनों के संरक्षण एवं रास्ता विवादों के निराकरण और अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए चलाएं जा रहे विशेष अभियान के तहत ग्राम कुंतली में राजस्व विभाग द्वारा 3 करोड़ रूपये में मूल्य की शासकीय जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है, अतिक्रमण मुक्त कराया गया भूमि का रकबा 29 हेक्टेयर हैं। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जावद श्रीमती प्रीति संघवी के निर्देशानुसार शनिवार 12 जुलाई 2025 को ग्राम कुंतली टप्पा रतनगढ़ तहसील सिंगोली में राजस्व विभाग की टीम ने लगभग एक करोड़ रुपए मूल्य की शासकीय जमीन से अतिक्रमण हटा कर, शासकीय जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करवाया गया हैं।एसडीएम सुश्री प्रीति संघवी ने बताया, कि अनावेदक अब्दुल जब्बार पिता अब्दुल रहमान, मुस्तकीम पिता अब्दुल सलाम, इशाक अली पिता फरयाद खान, अब्दुल सलाम पिता अब्दुल रहमान निवासीगण जाट द्वारा ग्राम कुंतली मे शासकीय भूमि के सर्वे नंबर 617 में से रकबा 4.00 हैक्टेयर भूमि पर जुताई कर व जेसीबी से खाई लगाकर, रात्रि में अवैध कब्जा किया गया था, उक्त अवैध कब्जे को प्रभारी तहसीलदार श्री बी.एल.डाबी, जाट पुलिस चौकी प्रभारी श्री गोड़ तथा राजस्व टीम व ग्राम पंचायत श्रीपुरा के सहयोग से मौके पर भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई गई (जिसकी अनुमानित कीमत दो करोड़ रूपये हैं)।इसी प्रकार राजस्व विभाग की टीम ने ग्राम कुंतली में ही शासकीय भूमि सर्वे क्रं.259/1 रकबा 25.00 हैक्टेयर पहाड़ (पहाडी जंगल) है, जिसके चारो ओर कुछ लोगो द्वारा जेसीबी से खाई लगाकर कब्जे में लेकर अतिक्रमण किया गया था,

## नीमच में दूसरे दिन के प्रशिक्षण में 80 बूथ लेवल अधिकारियों ने प्राप्त किया प्रशिक्षण

**नीमच** मुख्य निर्वाचन आयुक्त भोपाल मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत निर्वाचक नामावली को त्रुटि रहित बनाने हेतु बुधवारको दूसरे दिवस द्वितीय पाली का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में 80 बी एल ओ को प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक संयुक्त तहसील भवन के दो कक्षों में 5 मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया । सभी बीएलओ ने रोल प्ले एवं अन्य गतिविधियों द्वारा सरल व सहज तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा फॉर्म 6,7,8 को सही तरीके से भरने,फील्ड में आने वाली समस्याओं,ऑनलाइन ऐप के माध्यम से फॉर्म भरने आदि से संबंधित गतिविधियों में भाग लेते हुए सरल एवं सहज तरीके से प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के अंत में सभी का ऑनलाइन टेस्ट लिया गया।बीएलओ की वीडियो बाइट भी ली गई।जिसमें उन्होंने अपने प्रशिक्षण से संबंधित विचार व्यक्त किए।



## नशे से दूरी है जरूरी" अभियान के तहत डैफोडिल स्कूल में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**ब्यूरो रिपोर्ट निखिल सोनी**

**पिपलियामंडी**। दिनांक 15 जुलाई मंगलवार को पिपलिया मंडी स्थित डैफोडिल स्कूल में नशा मुक्ति को लेकर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मल्हारगढ़ के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (SDOP) श्री नरेंद्र सोलंकी के निर्देशन में संपन्न हुआ।इस अवसर पर थाना प्रभारी श्री शिवांशु मालवीय, चौकी प्रभारी धर्मेश यादव, स्कूल संरक्षक श्री रूपचंद होतवानी, एवं प्रिंसिपल विनोद शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को "नशे से दूरी है जरूरी" विषय के अंतर्गत नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। नशा किस प्रकार जीवन को प्रभावित करता है, इस पर एक शॉर्ट वीडियो क्लिप के माध्यम से प्रस्तुति दी गई, जिससे बच्चों को इस गंभीर विषय को आसानी से समझाया जा सके। SDOP श्री सोलंकी ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को नशा मुक्त रहने की शपथ दिलाई तथा समाज में इसके विरुद्ध एकजुट होकर आवाज उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ स्कूल स्टाफ और अभिभावकों की भी सक्रिय सहभागिता रही। आयोजन का उद्देश्य समाज को नशे के खतरे से जागरूक करना और भावी पीढ़ी को इससे दूररखनारहा



# सीआरपीएफ में एथलेटिक्स प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**नीमच**। एथलेटिक्स एक लोकप्रिय खेल है जो दुनिया भर में आयोजित किया जाता है, और यह ओलंपिक खेलों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। एथलेटिक्स प्रतियोगिता, जिसे ट्रैक और फील्ड के रूप में भी जाना जाता है, जिसमें विभिन्न प्रकार की स्पर्धाएं होती हैं। इसी क्रम में, ग्रुप केन्द्र नीमच की मेजबानी में 07 से 10 जुलाई तक मध्यप्रदेश सेक्टर के परिचालन क्षेत्राधिकार में स्थित बटालियनों एवं ग्रुप केन्द्रों के बीच एथलेटिक्स प्रतियोगिता-2025 का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस चार दिवसीय प्रतियोगिता में ग्रुप केन्द्र ग्वालियर, भोपाल, नीमच, प्रथम बटालियन, 07 बटालियन, 41 बटालियन, 123 बटालियन, 148 बटालियन तथा चतुर्थ सिगनल बटालियन सहित कुल 09 टीमों के कार्मिकों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से दर्शकों को रोमांचित किया और टीम भावना व अनुशासन का परिचय दिया। प्रतियोगिता का विधिवत समापन बृहस् पतिवार को एक भव्य समारोह के साथ किया गया। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान ग्रुप केन्द्र, नीमच ने तथा द्वितीय स्थान 123 बटालियन ने प्राप्त किया। समापन समारोह में ग्रुप केंद्र नीमच के कमांडेंट प्रमोद कुमार साहू बतौर मुख्य अतिथि रहे। जिनके द्वारा विजेता तथा उपविजेता टीमों को शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया गया तथा अन्य प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों के सभी खिलाडियों को मेडल प्रदान किए गए। इस अवसर पर ग्रुप केन्द्र के सभी अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी, जवान और खिलाड़ी मौजूद रहे।



# पर्यावरण बचाने के लिए रोटरी क्लब नीमच की अभिनव पहल वृहद वृक्षारोपण कर दिया सुपर्यावरण का संदेश




**नीमच** । रोटरी क्लब द्वारा "एक पेड़ माँ के नाम" के तहत पौधारोपण किया गया जिसमें क्लब अध्यक्ष गिरधारी लाल जी गोयल की धर्मपत्नी श्रीमती लीलादेवी जी गोयल की पुण्य स्मृति में, सांसें हों रहीं कम,आओ पेड़ लगाए हम, बंजर धरती कर रही पुकार, पेड़ लगाकर करें धरती का श्रृंगार।" के ध्येय वाक्य को आत्मसात करते हुए 15 जूलाई बुधवार को प्रातः 11 बजे दुर्गा वाटिका, झूलेलाल मंदिर के पास विकास नगर में आम, चीकू, नारियल,नीम व क्रिसमस ट्री व अन्य फलदार-छायादार वृक्षों के पौधे रोपे। उक्त कार्यक्रम में क्लब सचिव सुनील डबकरा, पीडीजी दर्शन सिंह गांधी, सुरेश सोडानी, प्रवीण शर्मा, अरविन्द गोयल, पुरषोत्तम गुप्ता, मधुसूदन खंडेलवाल, विनोद जैन,विजय जोशी,शरद जैन, युजवेंद्र सिंह भाटिया, सुरेश अजमेरा, गुणवंत गोयल, मुकेश कालरा, जय धिंगरा,मोन्टी नागोरी, रवि सिंहल सहित दुर्गा वाटिका प्रमुख प्रदीप सोनी, स्नेह प्रकाश सोनी अन्य रोटरी साथी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री के नाम पोस्टकार्ड अभियान को लेकर म प्र श्रमजीवी पत्रकार संघ जिलाध्यक्ष ने किया जिले में दौरा



**नीमच**। मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला इकाई नीमच द्वारा प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देशानुसार दिनांक 15 जुलाई को प्रदेश के मुखिया डाक्टर मोहन यादव को मुरैना महाअधिवेशन में मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा दिए गए 6 सुत्रीय मांगो के ज्ञापन पर उनके द्वारा दिए गए आश्वासन को याद दिलाने के लिए पुरे प्रदेश में पोस्ट कार्ड अभियान चलाया गया है ओर पोस्ट कार्ड अभियान के माध्यम से मुख्यमंत्री को स्मरण कराने का प्रयास किया है। इस क्रम में मंगलवार को जिलाध्यक्ष प्रदीप जेन ने पूरे जिले में भ्रमण करके पत्रकार साथियों से पोस्ट कार्ड अभियान के तहत पोस्टकार्ड लिखवाएं। स्मरण रहे की मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 26 मार्च को मुरैना में श्रमजीवी पत्रकार संघ के महाधिवेशन में पत्रकार हितों को लेकर 6 सूत्रीय मांगों को शीघ्र ही निराकरण करने का आश्वासन दिया था जिसमें प्रमुख रूप से पत्रकार सुरक्षा कानून, मालवीय नगर भोपाल में पत्रकार भवन को वापस देने, श्रद्धा निधि में अधिमान्यता की शर्त हटाने, जिला मुख्यालय पर पत्रकार भवन के लिए जमीन उपलब्ध करवाने ओर टोल नाके पर मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के कार्ड से रियायत देने, तथा पत्रकार बीमा योजना को उत्तर प्रदेश सरकार की योजना के अनुसार निशुल्क करने जैसी मांगे थी। महाअधिवेशन को हुए तीन माह बीत जाने के बाद भी धरातल पर कुछ नहीं हुआ हे इसको लेकर के पत्रकार साथियों में नाराजगी हे ओर पूरे प्रदेश में पोस्टकार्ड अभियान चलाया जाकर प्रदेश के मुखिया को स्मरण कराने की वे उनके आश्वासन को शीघ्र पूरा करे। इस अभियान को सफल बनाने के लिए जिलाध्यक्ष प्रदीप जेन ने दिनांक 15 जुलाई को रतनगढ़, डीकेन, रामपुरा, कुकडेश्वर, मनासा, जीरन, नीमच, जावद, मोरवन, दड़ौली सहित अन्य गांवों का दौरा करके मुख्यमंत्री के नाम पोस्टकार्ड के बारे में सभी जगह बताया ओर साथियों द्वारा पोस्टकार्ड लिखवाकर के मुख्यमंत्री को स्मरण कराने का प्रयास किया हे। इस अभियान के तहत जिलाध्यक्ष के दौरे में मुकेश माहेश्वरी, कौशल व्यास, मोइनुद्दीन मंसूरी, अशोकव्यास साथ रहे।

# भगवान श्री नर्मदेश्वर महादेव पर हुई भव्य महाआरती आकर्षक साथ सज्जा को देखने उमड़े श्रद्धालु

**नीमच**। सावन मास भगवान महादेव का सबसे प्रिय मास है इस माह में पुरुष महिलाए बड़े भक्ति भाव से व्रत उपवास रखकर भगवान महादेव का जलाभिषेक करते हैं और विभिन्न फलों व्यंजनों से उन्हें भोग लगाते हैं। ऐसे में नीमच के इंदिरा नगर में स्थित भगवान श्री नर्मदेश्वर महादेव पर भी सैकड़ो की संख्या में भक्तों का तांता लगा रहता है सुबह 4:00 बजे से यहां पर भक्तगण आकर जलाभिषेक करते हैं । ऐसे में सावन माह का प्रथम सोमवार बड़ा ही अद्भुत रहा जहां दिनभर भक्तों ने पूजा पाठ कर भगवान श्री नर्मदेश्वर महादेव का विभिन्न वस्तुओं से अभिषेक किया शाम लगभग 7:00 बजे आकर्षक साज सज्जा की गई मंदिर के पुजारी पंडित अशोक दावरे ने बताया कि कि हर सोमवार को विशेष आयोजन किया जाता है। जिसमें देर रात तक स्थानीय भक्तों द्वारा भजन संध्या की जाती है। भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के सभी भक्तगण मन से अनेक उपाय करते है। यह चमत्कारिक मंदिर लोगों की मनोकामनाएं पूर्ण करता है। मां नर्मदा नदी की गोद से निकले हुए नर्वदेश्वर महादेव की महिमा अपरंपार है यहा सच्चे मन से कोई भी भक्त जो मांगता है उनकी मन की सभी मुरादै पूरी होती है। पंडित दावरे ने बताया कि भगवान भोलेनाथ का आकर्षक प्रति सोमवार होता है और भक्तों द्वारा लाये गए प्रसाद का वितरण करवाया जाता है। उन्होंने सावन माह में भक्तों को भगवान के दर्शन करने का आमंत्रणदिया है।





# प्रशासन ने चेनपुरा में 0.11 हेक्टर शासकीय भूमि से हटाया अतिक्रमण

## जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत पर तहसीलदार श्री संतोष कुमार ने की कार्रवाई

**नीमच**। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के समक्ष जनसुनवाई में अन्नू कुँवर पति गोवर्धन सिंह राजपूत निवासी ग्राम चैनपुरा द्वारा शिकायत की जा रही थी, कि गांव के ही मांगूसिंह पिता भारतसिंह राजपूत द्वारा उसकी जमीन के आगे पक्का निर्माण किया जा रहा है और उसका आने जाने का रास्ता रोक दिया है। तहसीलदार नीमच ग्रामीण श्री संतोष कुमार ने बताया, कि जांच में पाया गया, कि अन्नू कुँवर का रास्ता मुख्य मार्ग से होकर है और चालू है। दोनों पक्ष शासकीय भूमि पर अतिक्रमण को लेकर आपस में विवाद कर रहे थे। न्यायालय तहसीलदार नीमच ग्रामीण में प्रकरण दर्ज करके उभय पक्षों की सुनवाई की गई और शासकीय भूमि पर अतिक्रमण पाए जाने पर दोनों पक्षों के विरुद्ध बेदखली आदेश जारी कर स्वयं से अतिक्रमण हटाने हेतु समय दिया गया ।परंतु अतिक्रमणकारियों ने अपना अतिक्रमण नहीं हटाया। इस पर एसडीएम श्री संजीव साहू के मार्गदर्शन तहसीलदार नीमच ग्रामीण श्री संतोष कुमार ने शुक्रवार को राजस्व विभाग की टीम के साथ ही ग्राम पंचायत के सहयोग से मौके से अतिक्रमण हटाकर ग्राम के बीच स्थित 0.11 हेक्टेयर बहुमूल्य शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया है । उल्लेखनीय है,कि जिला कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन एवं राजस्व विभाग द्वारा जिले में शासकीय जमीनों के संरक्षण के लिए और रास्ता विवादों के निराकरण के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके बेहतर परिणाम सामने आ रहे हैं।



## मनासा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दायमा खेड़ी के पास स्थित नदी में अज्ञात व्यक्ति का शव दिखाई दिया तैरता हुआ



**मनासा**। मनासा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दायमा खेड़ी के पास स्थित नदी में सोमवार सुबह करीब 9 बजे एक अज्ञात व्यक्ति का शव तैरता हुआ दिखाई दिया। ग्रामीणों द्वारा शव देखे जाने के बाद तुरंत इसकी सूचना मनासा पुलिस को दी गई।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी शिव रघुवंशी के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए मनासा के शासकीय अस्पताल भेजा गया है। थाना प्रभारी रघुवंशी ने बताया कि मृतक की पहचान फिलहाल नहीं हो सकी है। शव की शिनाख्त और मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस जांच में जुटी हुई है। पुलिस ने मर्ग

# शामगढ़ में अवैध गोवंश तस्करी के दौरान हादसा पिकअप पलटने से चार गोवंशों की दर्दनाक मौत

ब्यूरो रिपोर्ट - निखिल सोनी

**शामगढ़**। मंदसौर जिले के शामगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत मानपुर फंटा पर सोमवार तड़के अवैध गोवंश तस्करी के दौरान एक पिकअप वाहन MP 13 GP 0179 पलट गया। हादसे में चार गोवंशों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तस्कर मौके से फरार हो गया। घटना सुबह करीब 4 बजे की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही डायल 100 के माध्यम से पुलिस को सूचित किया गया, जिस पर उप निरीक्षक अविनाश सोनी तत्काल मौके पर पहुंचे और कार्रवाई प्रारंभ की।



### दम घुटने से गई गोवंशों की जान-

पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना के बाद पिकअप में बंधे रस्सियों के फंदे गोवंशों की मौत का कारण बने। वाहन पलटने के दौरान ये फंदे उनकी गर्दन में कस गए, जिससे सांस रुकने से उनकी मौत हो गई।

### पोस्टमार्टम कराए गए शव-

चारों मृत गोवंशों के शवों को स्थानीय पशु चिकित्सालय भिजवाया गया, जहां पोस्टमार्टम कराया गया। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि यह सिर्फ एक हादसा नहीं, बल्कि अवैध तस्करी के दौरान हुई अमानवीयता का नतीजा था।

### पुलिस ने वाहन जब्त किया, आरोपी फरार-

पुलिस ने वाहन जब्त कर लिया है और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय मुखबिर तंत्र की मदद से तस्करों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

### मानवता को झकझोरने वाली घटना-

यह घटना न केवल गौवंश तस्करी की क्रूरता को उजागर करती है, बल्कि यह भी दिखाती है कि तस्करी के दौरान जानवरों के साथ किस हद तक अमानवीय व्यवहार किया जाता है। वाहन में ठूंस-ठूंसकर भरना, रस्सियों से बांधना और दुर्घटना के बाद उन्हें तड़पता छोड़ भाग जाना—यह न केवल कानूनन अपराध, बल्कि मानवता पर भी एक गंभीर प्रश्नचिन्ह है।

## बच्चों को लीगल तरीके से फ्री करने में संस्थाएं पूर्ण सहयोग करें

**मंदसौर** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति तथा मिशन शक्ति की बैठक कलेक्टर सभागार में आयोजित की गई। यह बैठक महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि बालक बालिकाओं के आश्रय ग्रहों से बच्चों को लीगल तरीके से फ्री करने में संस्थाएं पूर्ण सपोर्ट करें। कानूनी प्रक्रिया में संस्था के द्वारा बाधा उत्पन्न करने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन, महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री बिश्नोई, बालिका गृह, आश्रय ग्रह के कर्मचारी मौजूद थे। किशोर न्याय बोर्ड से जारी वारंट और नोटिस की शत प्रतिशत तामिली की जाए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि किशोर न्याय बोर्ड से जारी होने वाले सभी वारंट एवं नोटिस की तामिली शत प्रतिशत करने के प्रयास करें। बाल कल्याण समिति को निर्देश देते हुए कहा कि समय-समय पर सभी संस्थाओं, आश्रय ग्रहों का निरीक्षण करें। आश्रम गृह में निवासरत बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था करें। मानसिक रूप से विक्षिप्त बच्चों का विशेष ध्यान रखें। संस्थानों में काउंसलर एवं डॉक्टर की विजिट समय पर हो, इसके लिए काउंसलर और डॉक्टर की ड्यूटी का रोस्टर जारी करें।

## गरोठ पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 2.7 किलो अफीम के साथ तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार किया

**गरोठ**। गरोठ पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 2.7 किलो अफीम के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति काली रंग की हीरो स्प्लेंडर बाइक (MP44ZC8722) से मेलखेड़ा से गरोठ की ओर आ रहे हैं। वारनी फंटा पर नाकाबंदी कर पुलिस ने दोनों आरोपियों योगेश (26) पिता बापूलाल, निवासी पानपुर थाना नाहरगढ़ एवं रोडसिंह (70) पिता भगवानसिंह, निवासी सुवासरा को रोका।तलाशी में उनके पास से प्लास्टिक थैले में रखी 2.7 किलो अफीम बरामद की गई। पूछताछ में दोनों ने खुलासा किया कि यह अफीम राजु पिता गणेशराम बलाई, निवासी महुआ थाना सीतामऊ को पहुंचाई जानी थी, जिसे बाद में गरोठ स्टेशन से पकड़ा गया।तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/18, 29 के तहत प्रकरण दर्ज कर बाइक जब्त कर ली गई है।

# सिंगोली में कांग्रेस का जंगी प्रदर्शन पूर्व सरपंच रामलाल गुर्जर पर झूठा प्रकरण बनने पर किया विरोध

**सिंगोली** में कांग्रेसजनों ने सिंगोली थाने का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस का यह प्रदर्शन सिंगोली पुलिस के खिलाफ था। सिंगोली पुलिस ने एक दिन पहले ग्राम बड़ी के पूर्व सरपंच रामलाल गुर्जर के खिलाफ की गई गिरफ्तारी




के विरोध मे की गई। सिंगोली पुलिस ने रामलाल गुर्जर पर बीएनएस की धारा 296, 351 के तह प्रकरण दर्ज किया था। रामलाल गुर्जर ने ग्राम बड़ी के शासकीय विद्यालय में निजी कार्यक्रम होने का विरोध किया था, जिसके चलते पुलिस ने यह कार्यवाही की। इस घटना को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भी पोस्ट किया। घटना के बाद कांग्रेस नेता सत्यनाराण पाटीदार के नेतृत्व में सिंगोली में सिंगोली पुलिस के खिलाफ तगड़ा प्रदर्शन किया गया। ब्लाक कांग्रेस कमेटी और नगर कांग्रेस कमेटी सिंगोली के तत्वधान में विरोध रैली निकाली गई और नीमच पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस नेता सत्यनारायण पाटीदार ने कहा सिंगोली ने भाजपा के इशारे पर कांग्रेस के नेता पूर्व सरपंच रामलाल गुर्जर झूठा प्रकरण दर्ज किया है, यह वापस लिया जाए, अन्यथा कांग्रेस का आंदोलन जारी रहेगा।

# विधायक परिहार और सीएमओ ने किया नीमच सिटी का निरीक्षण

नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार का ड्रीम प्रोजेक्ट जल्द ही धरातल पर आएगा। सांवलिया मंदिर के पीछे बहने वाला नाला सुंदर बनेगा वहीं दोनों तरफ दीवार बनेगी और जमुनिया बालाजी जाने वाले मार्ग पर एक पुलिया का निर्माण होगा, जिससे नीमच सिटी एरिया सुंदर दिखेगा। सोमवार दोपहर नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार नगरपालिका सीएमओ दुर्गा बामनिया और नपा के अधिकारियों के साथ नीमच सिटी क्षेत्र पहुंचे। सांवलिया मंदिर के पीछे बहने वाले नाले को देखा और उसके बाद मीणा मोहल्ला, जमुनिया बालाजी मंदिर मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा नीमच सिटी को विकसित करना मेरा सपना है। पहले संवालिया मंदिर के पीछे बहने वाले नाले के लिए तीन करोड़ रुपए दिए और अब 80 लाख रुपए नीमच सिटी नाले के सौंदर्यकरण के लिए दिए जा रहे हैं। इस राशि से नाले के दोनों तरफ दीवार बनेगी और मीणा मोहला से जमुनिया बालाजी जाने वाले मार्ग पर पुलिया का निर्माण होगा। दीवार बनने से नाले में गंदगी



नहीं जाएगी और लोग कचरा नहीं फकेंगे। इससे सौदर्यता बढ़ेगी। विधायक परिहार ने कहा नीमच सिटी का विकास उनका ड्रीम प्रोजेक्ट है, जो जल्द ही धरातल पर आएगा। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव चौपड़ा, नगरपालिका सीएमओ दुर्गा बामनिया, सभापति दारा सिंह यादव, पार्षद किरण शर्मा, राकेश सहित नगरपालिका अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।




# जिले में अब तक औसत 372.1 मि.मी. वर्षा दर्ज



**नीमच**। जिले में चालू वर्षाकाल में अब तक औसत 372.1 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इस अवधि में औसत 235मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी अधीक्षक भू अभिलेख नीमच से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में एक जुन से इस वर्ष अब तक नीमच में 330.5 मि.मी., जावद में 433 मि.मी., सिंगोली में 479.1 मि.मी. एवं मनासा में 246 मि.मी.वर्षा दर्ज की गई हैं। जबकि गत वर्ष इस अवधि में नीमच में 232 मि.मी.जावद में 239 मि.मी.एवं मनासा में 234 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई हैं।जिले में 15 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे तक पिछले 24 घंटे में औसत 14.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे में जावद में 20 मि.मी., मनासा में 18 मि.मी व सिंगोली में 21.1 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। नीमच में कोई वर्षा दर्ज नही हुई हैं।

# मनासा में विधायक मारू ने किया नशामुक्ति अभियान का शुभारंभ

## नशे से दूरी है जरूरी जागरूकता रैली को किया रवाना

मनासा में मंगलवार को विधायक श्री अनिरुद्ध मारू ने पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार आयोजित नशा मुक्ति अभियान"नशे से दूरी है जरूरी, का शुभारंभ किया। विधायक श्री अनिरुद्ध माधव मारु ने अपने उद्बोधन में नशे के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए समाज में नशे से मुक्ति के लिए व्यापक जन जागरूकता पर बल दिया। उन्होंने उपस्थित जनों से नशा मुक्त समाज निर्माण में अपना योगदान देने और भावी पीढ़ी को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करने का आव्हान किया।इस अवसर पर श्री अजय तिवारी एसडीम श्री पवन बारिया एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर मनासा में नशा मुक्ति जन जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस रैली में बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लेकर नशामुक्त



समाज निर्माण में योगदान देने और नशे से दूर रहने के संबंध में संदेश दिया।

# कलेक्टरने जनसुनवाई में की बालक हसन के तत्काल निःशुल्क उपचार की व्यवस्था

## बालक हसन का अरविंदो में होगा निःशुल्क उपचार




**नीमच**। जनसुनवाई में कलेक्टर श्री चंद्रा ने सिंगोली निवासी समीर खान पिता बरकत हुसैन के आवेदन पर समीर के पुत्र हसन के ह्दय का उपचार अरविंदो इंदौर में निःशुल्क करवाने की व्यवस्था की गई है। समीर के पुत्र हसन का आर.बी. एस.के.तहत अरविंदों हास्पिटल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क दिल में छेद का आपरेशन करवाया गया था। परंतु आपरेशन होने के कुछ दिनों बाद हसन को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होने लगी। इस पर जनसुनवाई में समीर ने पुत्र के उपचार का कलेक्टर से अनुरोध किया। कलेक्टर श्री चंद्रा ने अरविंदो के प्रबंधक से चर्चा कर शिशु हसन को पुनः निःशुल्क उपचार सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भी हसन के उपचार के लिए अरविंदो में निरंतर फालोअप करने के निर्देश दिए। इस तरह जनसुनवाई में अपने नन्हे पुत्र हसन के उपचार की व्यवस्था हो जाने पर समीर व उसकी पत्नि खुशी-खुशी, कलेक्टर श्री चंद्रा को धन्यवाद देते हुए अपने घर सिंगोली रवाना हो गये।

# कलेक्टर ने की जनसुनवाई- 129 आवेदकों की सुनी समस्याएं

## चक ब्लॉक को भी मिलेगी हर घर नल से जल की सुविधा



**नीमच**। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जनसुनवाई करते हुए 129 आवेदकों की समस्याएं सुनी और उनका निराकरण करने के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, एसडीएम श्री संजीव साहू, संयुक्त कलेक्टर डॉ.ममता खेड़े, श्री राजेश शाह, डिप्टी कलेक्टर श्री चंद्र सिह धार्वे, सुश्री किरण आंजना, डॉ.रश्मि श्रीवास्तव, सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में खोर के बलराम जाट, भाटखेड़ी के दुर्गेश राव, नीमच सिटी के बलवंतसिह यादव, कुकडेश्वर के मनोहरदास, अरनिया बोराना के गोर्वधन लाल, लुमड़ी की उर्मिला, बांगरेड़ के लक्ष्मण, नलखेड़ा के जगदीश शर्मा, भदाना की सलीम बेगम, सिंगोली के ओमप्रकाश ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इसी तरह बघाना के विष्णु कुमार, कुचड़ोद की रूकमणबाई, दुदरसी की सागरबाई, मनासा के लखनसिह, ग्वालटोली नीमच की रूकमणीबाई, नाका नं.4 नीमच के मुन्ना खां, बागपिपल्या की संगीता, लेवड़ा के जसवंतसिह आदि ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तुत किए। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए।

### चक ब्लॉक को भी मिलेगी हर घर नल से जल की सुविधा

जनसुनवाई में चक ब्लाक (रामनगर, सुठोली) की महिलाओं ने कलेक्टर से गांव कनेरा में जाने वाले मार्ग पर कच्ची सड़क को दुरस्त करवाने और गांव में हर घर नल से जल योजना में शामिल करने का अनुरोध किया। इस पर कलेक्टर ने पंचायत के माध्यम से सड़क निर्माण करवाने की बात कही और ग्रामीण महिलाओं को विश्वास दिलाया, कि गांधी सागर समूह प्रदाय योजना में उनका गांव, मजरा भी शामिल कर लिया गया है। उनके गांव के सभी घरों में नल कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे। कोई भी घर छूटेगा नहीं। कलेक्टर श्री चंद्रा की समझाईश पर सभी ग्रामीण महिलाएं आश्वस्त होकर, अपने घर को रवाना हो गई।

# अब नीमच में महिलाओं के लिए फ्री ई-रिक्शा

# लायंस क्लब प्लेटनिम ने प्रारंभ की अनूठी सेवा, हर सोमवार को मिलेगी ई-रिक्शा




**नीमच**।च में लायंस क्लब प्लेटिनम ने महिलाओं लिए एक अनूठी और बेहद सराहनीय पहल की है। क्लब द्वारा निशुल्क ई-रिक्शा सेवा का शुभारंभ प्रारंभ कीक जो अब हर सोमवार को सुबह से शाम तक नीमच शहर के चुनिंदा मार्गों पर उपलब्ध रहेगी। लायंस क्लब प्लेटिनम का यह प्रोजेक्ट विशेष रूप से उन महिलाओं और बच्चों को ध्यान में रखकर बनाया गया परिवहन की कमी या आर्थिक् कारणों से वाहन नहीं ले पाते। क्लब के सदस्यों ने बताया कि इस सेवा का मुख्य उद्देश्य उन्हें आसान, सुलभ और सुरक्षित यातायात प्रदान करना है। यह ई-रिक्शा सेवा पूरी तरह से मुफ्त है, जिसका अर्थ है कि कोई भी शुल्क नहीं लिया जाएगा।

### हर सोमवार को निःशुल्क चलेगी

यह यह ई-रिक्शा समाज के हर वर्ग के लिए होगी। शहर के महत्वपूर्ण स्थानों जैसे स्कूलों, अस्पतालों, बस स्टैंड और प्रमुख बाजारों को आपस में जोड़ेगे. इससे न केवल बच्चों को स्कूल पहुंचने में आसानी होगी, बल्कि महिलाएं भी बिना किसी परेशानी के अपनी दैनिक जरूरतों को पूरा कर सकेंगी।

# दिव्यांग मुकेश मईड़ा को एक सप्ताह में मिलेगी अनुकंपा नियुक्ति- चंद्रा




**नीमच**। दिव्यांग मुकेश मईड़ा को एक सप्ताह में सहायक ग्रेड-3 के पद अनुकंपा नियुक्ति का आदेश प्रदान किया जाए। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को जनसुनवाई में दिव्यांग मुकेश मईड़ा के आवेदन पर कार्यवाही करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी नीमच व प्रभारी अधिकारी स्थापना कलेक्टोरेट नीमच को दिए। जनसुनवाई में मुकेश मईड़ा ने शिक्षा विभाग में कार्यरत अपने पिता दलसिह मईड़ा की मृत्यु के उपरांत काफी दिनों से अनुकम्पा नियुक्ति नहीं मिलने पर अनुकंपा नियुक्ति दिलाने का अनुरोध कलेक्टर से किया। इस पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी से प्रकरण की जानकारी लेकर एक सप्ताह में सभी कार्यवाही नियमानुसार पूरी कर श्री मुकेश मईड़ा को नियुक्ति प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

# जिला स्तरीय मोर्डन पेंटाथलान का आयोजन 16 व 17 जुलाई

### तैराकी , रनिंग व शूटिंग वाले खिलाड़ी ले सकते है भाग



**नीमच।** जिला मोर्डन पेंटाथलान एसोसिएशन द्वारा स्विमफ्लाय स्पोर्ट्स क्लब के सहयोग से दिनांक 16 व 17 जुलाई तक बायथले , ट्रायथले और लेजर रन प्रतियोगिता कराई जा रही है । वाटर स्पोर्ट्स मेन्टर प्रभु मूलचंदानी एवम मोटिवेटर राकेश कोठारी ने बताया कि बायथले में स्विमिंग और रनिंग मिक्स प्रतियोगिता, ट्रायथले में स्विमिंग, रनिंग एवं शूटिंग मिक्स प्रतियोगिता और लेजर रन में रनिंग व शूटिंग मिक्स प्रतियोगिता कराई जाएगी । जो खिलाड़ी भाग लेना चाहता है वह दिनांक 16 जुलाई सुबह 11 बजे तक अपनी एंट्री मोर्डन पेंटाथलान के प्रतियोगिता प्रमुख मयंक कटारिया 9479694796, विशाल शर्मा 9479704309, नितेश शर्मा 9425106457, एवं धीरेंद्र गहलोत 9981878189 को फ़ोन पर दे सकते है । जिला मोर्डन पेंटाथलान अध्यक्ष डॉ मनीष चमड़िया ने बताया , ओलम्पिक में खेले जाना वाला यह एक साहसिक खेल है इस खेल की तैयारी पिछले एक साल से स्विमफ्लाय स्पोर्ट्स क्लब द्वारा नगर पालिका पूल पर कोचेस आयुष गौड, सुधा सोलंकी, नीलेश घावरी, अभिषेक अहीर, रोहित अहीर एवं समीर जादोन,शुभम स्वर्णकार द्वारा 20 खीलाडियो को तैयार किया जा रहा है। डॉ चमड़िया ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले के अच्छे एथलेटिक्स खिलाड़ी भीभागले सकते है।

# एक बगिया मॉ के नाम के तहत अच्छे किस्म के पौधो का रोपण करवाया जाए-कलेक्टर चंद्रा

## आगामी एक माह में 2000 निर्माण कार्य पूर्ण करवाएं-कलेक्टर



**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा स्वीकृत, संचालित निर्माण कार्यो की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की और सभी निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, जनपद सीईओ श्री आरीफ खान, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी श्री बी.एल.कतिजा सहित उपयंत्री, सहायक यंत्री व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।बैठक में कलेक्टर ने एक बगिया मॉं के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए, कि पौधारोपण के लिए अच्छी किस्म के फलदार पौधे उपलब्ध करवाए जाए। कलस्टर में पौधो का रोपण करवाए। उनहोने लक्ष्य अनुरूप पौधो का रोपण करवाने के निर्देश भी दिए। बैठक में पंचायतों के माध्यम से निर्माणाधीन कार्यो की प्रगति की समीक्षा में कलेक्टर ने निर्देश दिए, कि आगामी एक माह में 2000 निर्माण कार्यो को कार्य पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने वर्ष 2021-22 के अधूरे निर्माण कार्यो को यथा स्थिति में बंद करवाने तथा शेष निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करवाने और उनका कार्य पूर्णताः प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के तहत आवासों के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए, कि आगामी एक माह में 1800 आवास निर्माण का कार्य पूर्ण किया जाए। राशि जारी करने के बावजूद जिन हितग्राहियों द्वारा आवासों का निर्माण कार्य प्रारंभ व पूर्ण नहीं किया जा रहा है। उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी कर, कार्य पूर्ण करवाएं। बैठक में कलेक्टर ने कौशल उन्नयन प्रशिक्षण बढ़ाने और अधिकाधिक युवाओं के लिए स्वरोजगार प्रशिक्षण के लिए विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ करवाने के निर्देश दिए। उन्होने पंख अभियान के तहत बांछड़ा समुदाय के अधिकाधिक युवाओं, महिलाओं को स्व सहायता समूह से जोड़ने, उन्हें बैंक सखी बनानेऔर स्वरोजगार से जोड़ने हेतु आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने के निर्देश भी दिए।

# गौरक्षा दल के सदस्यों ने घायल गोवंश को पहुंचाया उचेड गौशाला



**नीमच।** सरवानिया महाराज।गौ रक्षा दल नीमच जिला अध्यक्ष अंकित जोशी को सुबह-सुबह सूचना मिली की एक अज्ञात वाहन ने गोवंश को टक्कर मार दी है एवं गांव बराडा एवं सरवानिया महाराज रोड पर सगज बावजी के स्थान के यहा घायल अवस्था में पड़ा हुआ है सूचना पर मौके पर पहुंचे जिला अध्यक्ष एवं ग्रामीण जनों ने गोवंश का नजदीकी पशु चिकित्सक को बुलाकर उपचार करवाया एवं निजी वाहन से उचेड गौशाला छुड़वाया गया उचेड गौशाला समिति अध्यक्ष विक्रम सिंह सोनगरा ने बताया कि एक घायल गाय का बच्चा जिसकी आयु लगभग 2 से 3 वर्ष के बीच में है जिसके एक पैर की हड्डी बिल्कुल बाहर निकली हुई है एवं गोवंश के ऊपर गाड़ी का टायर चढ़ा हुआ है कुत्तों ने अलग-अलग जगह से नोच रखा है गौवंश का गौशाला के उपचार सेवा केंद्र में गोवंश मे उपचार जारी है जिसे अंकित जोशी कारू दास बैरागी युगल किशोर दमामी ललित गीर दशरथ बागरी एवं अन्य गौ भक्तों का संपूर्ण सहयोग रहा

# सेम एवं मेम श्रेणी के बच्चों के चिन्हाकन कार्य का सभी सुपरवाईजर सत्यापन करें- कलेक्टर चंद्रा

## कलेक्टर ने जिला पोषण समिति की बैठक में दिए निर्देश



**नीमच।** जिले में आंगनवाड़ी केंद्रों में पंजीकृत सेम एवं मेम श्रेणी के बच्चों के चिन्हांकन का कार्य ठीक से हो। सुपरवाईजर एवं परियोजना अधिकारी, सेम एवं मेम श्रेणी के बच्चों के चिंहाकन कार्य का सत्यापन करें। डेटा शुद्धीकरण पर विशेष ध्यान दें। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जिला पोषण समिति की बैठक में सभी सेक्टर सुपरवाईजर एवं सी.डी.पी.ओ.को दिए।बैठक में जिला पंचायत सी.ई.ओ.श्री अमन वैष्णव, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अंकिता पंड्या तथा जिला अधिकारी, सभी सी.डी.पी.ओ.एवं सेक्टर सुपरवाईजर उपस्थित थे।बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रा ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा हितग्राहियों से गृह भेंट का शतप्रतिशत कार्य करने, सभी आंगनवाड़ी केंद्र माह में 25 दिवस से अधिक खुलने, संचालित करने, टेकहोम राशन का 90 से 95 प्रतिशत हितग्राहियों को वितरण सुनिश्चित करने, आंगनवाड़ी में दर्ज बच्चों में से 80 प्रतिशत से अधिक बच्चों की उपस्थिति नियमित रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।बैठक में कलेक्टर ने सभी सुपरवाईजर को निर्देशित किया, कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक कर, उन्हें आंगनवाड़ी केद्रों में बच्चों की सभी प्रकार की गतिविधियों का आयोजन, नियमित रूप से पका भोजन वितरण, टीएचआरवितरण, आंगनवाड़ी केद्रों में साफ-सफाई, शतप्रतिशत बच्चों की केंद्र में पंजीयन, गर्भवती महिलाओं, धात्री शतप्रतिशत महिलाओं का पंजीयन , आंगनवाड़ी केंद्रों में करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गर्म पका भोजन वितरण में जीरन सेक्टर में 85 प्रतिशत से अधिक उपलब्धी पर सराहना करते हुए सेक्टर सुपरवाईजर जीरन को प्रशस्ति पत्र प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होने सभी सुपरवाईजर को अपने सेक्टर के सभी केंद्रो में 85 प्रतिशत से अधिक लाभार्थियों को गर्म पका भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चंद्रा ने निर्देश दिए, कि दर्ज सभी बच्चों और महिलाओं को आंगनवाड़ी केंद्र में बुलाकर उन्हें सेवाए प्रदान की जाए और यदि इसके बावजूद कोई बच्चा व महिलाएं आंगनवाड़ी केंद्र नहीं आते है, तो उन्हें उनके घर जाकर टीएचआर गर्म पका भोजन, पोषण आहार, आदि सेवाएं उपलब्ध कराई जाए। सभी सुरपवाईजर इस कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करें और प्रगति लाए।

# रास्ते के विवाद के कारण मारपीट करने वाले शिवलाल अहीर सहित 04 आरोपियों को 01-01 माह का सश्रम कारावास ओर जुर्माना



**नीमच।** श्रीमती अंकिता गुप्ता, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, नीमच द्वारा खेत जाने के रास्ते के विवाद के कारण दो आहतगण से मारपीट करने वाले 04 आरोपीगण (1) मथुरालाल पिता भैरूलाल अहीर, उम्र-45 वर्ष, (2) गोपाल पिता किशनलाल अहीर, उम्र-59 वर्ष, (3) परसराम पिता भैरूलाल अहीर, उम्र-36 वर्ष तथा (4) शिवलाल पिता भैरूलाल अहीर, उम्र-36 वर्ष, चारो निवासी ग्राम-ढोलपुरा, जिला नीमच धारा 323/34 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 01-01 माह के सश्रम कारावास व 1000-1000 रूपये का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले एडीपीओ चन्द्रकांत नाफड़े द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 06 वर्ष पूर्व दिनांक 24.10.2019 को दोपहर के लगभग 02 बजे ग्राम ढोलपुरा स्थित फरियादी के खेत जाने वाले रास्ते की हैं। आहतगण शंकरलाल व शंभूलाल का आरोपीगण से खेत जाने वाले रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था। इसी बात को लेकर घटना दिनांक को तहसीलदार के आदेश से पटवारी मौका देखने खेत पर आए थे तो आरोपीगण विवाद करने लगे, जिस कारण पटवारी वहा से चले गये थे, जिसके बाद आरोपीगण ने दोनो आहतगण के साथ लकड़ी व लात-घूंसो से मारपीट की। मौके पर शंकरलाल, नारायण, गौतमलाल व रतनलाल ने बीच-बचाव किया। फरियादी शंकरलाल की रिपोर्ट पर से थाना नीमच सिटी पर अपराध पंजीबद्ध किया गया व दोनो आहतगण का मेडिकल किये जाने के बाद आवश्यक अनुसंधान उपरांत अभियोग पत्र नीमच न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से न्यायालय में दोनो आहतगण सहित सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराकर अपराध को संदेह से परे प्रमाणित कराते हुवे आरोपीगण को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपीगण को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया गया एवं जुर्माने की सम्पूर्ण राशि को आहतगण को प्रतिकर के रूप में प्रदान किये जाने का आदेश भी दिया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी चन्द्रकांत नाफड़े, एडीपीओ द्वारा की गई।

# गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध नपा की चालानी कार्रवाई जारी चार दुकानदारों के बनाये चालान



**नीमच।** नगर पालिका परिषद नीमच की अध्यक्ष श्रीमती स्वाति-गौरव चोपड़ा के निर्देशानुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के नेतृत्व में शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए जहां नाले, नालियों, व सड़कों की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है, वही स्वास्थ्य सभापति श्री धर्मेश पुरोहित व प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री दिनेश टांक की देखरेख में शहर में गंदगी फैलाने वालों व पॉलिथीन विक्रेताओं के खिलाफ चालानी करवाई भी निरंतर जारी है। शनिवार को प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री दिनेश टाक की उपस्थिति में स्वच्छता निरीक्षक श्री भारतसिंह भारद्वाज, श्री भेरुलाल अहीर, श्री गोपाल नरवाले व स्वच्छता पर्यवेक्षक दीपक सरसवाल द्वारा दशहरा मैदान एवं स्विमिंग पूल क्षेत्र में चाय की होटल के सामने गंदगी पाए जाने पर 4 दुकानदारों के चालान बनाकर 800 रूपएं अर्थदंड वसूला गया। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री दिनेश टांक ने शहर के नागरिकों व व्यवसाइयों से कचरा डस्टबिन व कचरा गाड़ी में ही डालने तथा हानिकारक पॉलिथीन का विक्रय व उपयोग नहीं करने का अनुरोध करते हुए बताया कि शहर में गंदगी फैलाने वालों व हानिकारक पॉलिथीन का उपयोग करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# मनासा थाना क्षेत्र के ग्राम पीपलोंन में जमीनी विवाद ने लिया हिंसक रूप, 24 लोग घायल



**मनासा।** मनासा थाना क्षेत्र के ग्राम पीपलोंन में सोमवार देर शाम जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। खेत की मेड़ को लेकर शुरू हुए विवाद ने देखते ही देखते उग्र रूप धारण कर लिया और दोनों पक्षों में लाठी-डंडों के साथ-साथ धारदार हथियारों का प्रयोग होने लगा। इस झड़प में कुल 24 लोग घायल हुए हैं, जिनमें 8 गंभीर घायलों को जिला अस्पताल नीमच में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, सोमवार शाम करीब 6 से 7 बजे के बीच धनगर (गायरी) समाज और रावत (मीणा) समाज के दो पक्षों में खेत की सीमांकन को लेकर कहासुनी हो गई। मामला इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे चले और पथराव हुआ। देखते ही देखते यह विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर धारदार हथियारों से हमला भी कर दिया, जिससे कई लोग लहूलुहान हो गए। झगड़े में महिलाएं भी घायल हुई हैं।


पुलिस और एंबुलेंस की त्वरित कार्रवाई-घटना की सूचना मिलते ही मनासा थाना पुलिस, डायल 100 टीम और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए मनासा के शासकीय अस्पताल लाया गया। स्थिति गंभीर होने पर 8 घायलों को जिला अस्पताल नीमच रेफर किया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

## जांच शुरू, मामला दर्ज-

घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने मनासा थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अन्य घायलों का उपचार मनासा अस्पताल में जारी है।

## पुलिस का बयान-

पुलिस ने बताया कि झगड़े का मूल कारण जमीनी सीमा को लेकर विवाद था। दोनों पक्षों से मिली शिकायतों के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है, और पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है।










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अविनाश जाजपुरा के द्वारा यश प्रिंटिंग प्रेस स्कीम नम्बर 36 ए कलेक्टर कार्यालय के सामने मुद्रित एवं कास्मो स्कूल के पास इन्दिरा नगर नीमच से प्रकाशित - सम्पर्क 9893796737 (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र नीमच रहेगा ।)